हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 एक देश एक चुनाव प्रधानमंत्री की सोच राष्ट्रहित का पैगाम





14 समर कैंप में कोआर्डिनेशन गेम का बच्चों ने लिया आनंद






## परिणाम : हाई स्कूल का एक और हायर सेकंडरी के पांच बच्चे मेरिट में

# हाई एवं हायर सेकंडरी की प्रावीण्य सूची में जिले के शासकीय स्कूलों के छह बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा मे जिले के हायर सेकेण्डरी मे जिले की एक छात्र एवं हाई स्कूल परीक्षा मे जिले के पांच बच्चो ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची मे अपना स्थान बनाया है। हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा मे प्रदेश की प्रावीण्य सूची मे स्थान बनाने वाले जिले के सभी छः बच्चे शासकीय विद्यालयो के है, जिले मे दर्जनो निजी विद्यालय है जो भारी भरकम फीस लेकर बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का दावा करते है लेकिन परीक्षा परिणाम ने बता दिया कि इन सबसे बेहतर शासकीय विद्यालय है। इनमे भी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी बच्चे ग्रामीण परिवेश के है। जहां विद्यालय के अतिरिक्त पढ़ाई का और कोई दूसरा संसाधन कम ही उपलब्ध होता है।

- आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल कुसुमकसा की छात्र ग्रीसी साहू 12वीं टापटेन में 10वें स्थान पर

स्कूल मे जिले की छात्र ग्रीसी साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। ग्रीसी साहू स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ इंग्लिस व हिन्दी मिडियम स्कूल कुसुमकसा की छात्र ग्रीसी साहू पिता तुकाराम साहू माता यशोदा साहू ने कक्षा 12वीं मे 479 अंक व 95.80 प्रतिशत के साथ राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया है। वही हाई स्कूल परीक्षा परिणाम मे कक्षा 10वीं मे स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ इंग्लिस मिडियम स्कूल डौण्डी से रिया केंवट पिता किरण केवट माता नर्मदा केवट ने 593 अंको के साथ 98.83 प्रतिशत से तिसरा स्थान प्राप्त किया। वही स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट उत्कृष्ठ इंग्लिस मिडियम स्कूल अर्जुन्दा की छात्र भावना साहू पिता मोतीराम माता अनिल कुमार साहू ने 589 अंको के साथ 98.17 प्रतिशत से 7वां स्थान प्राप्त किया व स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद के योगांत देशमुख पिता नेमेंद्र कुमार देशमुख माता भोजलता देशमुख ने 588 अंको ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खास बातें


- स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल डौण्डी की रिया केंवट को तीसरा स्थान मिला
- विद्यालय में अतिरिक्त पढ़ाई और और दूसरे संसाधन कम हैं फिर छात्राओं ने कमाल किया








## हाई स्कूल परीक्षा में अर्जुंदा के दो विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में



बालोद/अर्जुन्दा। स्वामी आत्मानंद विद्यालय अर्जुन्दा ने हाई स्कूल परीक्षा मे जिले मे नया इतिहास रचा। विद्यालय के दो बच्चो ने एक साथ प्रदेश की प्रवीण्य सूची मे स्थान प्राप्त किया। जिले मे यह पहला अवसर ही होगा जब जिले के एक विद्यालय के दो बच्चो ने एक साथ एक ही बोर्ड परीक्षा मे प्रदेश की प्रवीण्य सूची मे स्थान प्राप्त किया होगा। इस विद्यालय की छात्र भावना साहू ने प्रदेश मे सांतवा एवं ध्रुव साहू ने 9वां स्थान प्राप्त किया है। भावना साहू सामान्य परिवार से है। भावना के पिता जी की दुकान है एवं माता गृहणी है भावना ने स्कूल की पढ़ाई के अतिरिक्त कही कोचिंग नही ली। घर मे ही रहकर पढ़ाई करती थी नियमित पढ़ाई कर भावना ने यह सफलता पाई है। वही ध्रुव साहू की माता शिक्षिका है पिता व्यवसाय करते है। ध्रुव ने भी कही कोचिंग नही ली। माता ने ध्रुव का मार्गदर्शन किया। वही ध्रुव स्कूल के बाद घर मे भी नियमित पढ़ाई करता था वह सोशल मिडिया तक एक सीमा तक ही जुड़ा तक ही जुड़ा रहा एवं पढ़ाई पर ही पूरा फोकस किया।

## आईआईटी की पढ़ाई की इच्छा है : रिया



डोंडी। 10वीं बोर्ड परीक्षा में रिया निषाद ने 98.83% अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर नगर व स्कुल पी एम श्री आत्मानंद डोंडी का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने रिया को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। रिया की इस सफलता के लिए उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन की भावना को श्रेय दिया जा रहा है। मेघावी रिया अपनी सफलता का श्रेय माँ शिक्षक किरण निषाद, पिता एन्जॉओ समाज सेवीं नर्मदा प्रसाद व स्कुल के शिक्षक व नगर के अच्छे माहौल को देती है वहीं आगे पढ़ाई कर आईआई टी मे जाना चाहती है। नगर के लोगों ने रिया की इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताया है और उम्मीद जताई है कि वे भविष्य में भी इसी तरह की सफलता हासिल करेंगी। रिया को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में नगर के गणमान्य मनीष झा, दिनेश अग्रवाल,सोमेश सोरी, संतु यादव, ममता जैन,भावेश अग्रवाल, राजेन्द्र नाहर, हेमंत सिन्हा के आलावा , शिक्षक और अभिभावक, पत्रकार संघ शामिल हैं। सभी ने रिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दल्ली माइंस ओवर बर्डन स्थल पर ठेका श्रमिक बुरी तरह झुलसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के अंतर्गत संचालित दल्ली माइंस में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक नवयुवक ठेका श्रमिक गंभीर रूप से जल गया। घटना ओवर बर्डन स्थल पर हुई, जहाँ हेल्पर के रूप में कार्यरत करन दीक्षित (वार्ड 16, दल्लीराजहरा) लापरवाही के चलते आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्य स्थल पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। न तो श्रमिकों के लिए सुरक्षात्मक कपड़े उपलब्ध कराए गए थे और न ही कोई आपातकालीन उपाय मौजूद था। बताया जा रहा है कि जिस ठेकेदार के अधीन यह कार्य हो रहा था, उसका लाइसेंस ▶▶| शेष पेज 13 पर

- कार्य स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण हुआ हादसा

### अस्पताल में उपचार जारी

घायल श्रमिक को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, परंतु समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है। पूरा मामला अस्पताल और ठेकेदारों के बीच दबा दिए जाने की कोशिश की जा रही है। बीएसपी प्रबंधन की ओर से न तो कोई आधिकारिक बयान आया है और न ही कोई प्रतिनिधि घटनास्थल या अस्पताल पहुंचा। दल्लीराजहरा शहर के स्थानीय जनता और मजदूर संगठनों में भारी आक्रोश है। वे मांग कर रहे हैं कि दोषी ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, घायल श्रमिक को मुआवजा दिया जाए, और बीएसपी प्रबंधन के लापरवाह अधिकारियों की जांच हो।

### खबर संक्षेप

## प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर वेबसाइट पर जारी

बालोद। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय में सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा उपरांत मॉडल उत्तर वेबसाईट पर जारी किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी ने बताया कि उक्त संबंध में दावा आपत्ति 15 मई 2025 तक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दावा आपत्ति आवेदक अपने जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेजों (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा–आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। डाक द्वारा दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएग।

## पशु मालवाहकों पर गर्मी कारण लगाया प्रतिबंध

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में भीषण गमएँ की स्थिति को देखते हुए पशु की सहायता से वजन एवं सवारी ढोने का कार्य 01 मई से 30 जून तक दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक निरंतर बना रहता है। इस दौरान पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। पशुओं के प्रति कुरता का निवारण, परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता के निवारण नियम 1965 के नियम 6 (3) के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में पशु की सहायता से चलने वाले साधन जिसमें वजन एवं सवारी ढोने का कार्य किया जाता है। ऐसे कार्य 01 मई से 30 जून तक दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक प्रतिबंधित किया जाता है। यह आदेश सम्पूर्ण बालोद जिले में तत्काल प्रभावशील होगा।

## मोंहदीपाट में समाधान शिविर का आज होगा

बालोद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन के पास मोंहदीपाट में 08 मई 2025 को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन के पास मोंहदीपाट में गुण्डरदेही विकासखण्ड के देवरी द, गोड़ेला, खुरसूनी, चीरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, मोंहदीपाट, बघेली, खुरसूल, गब्दी के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया ▶▶| शेष पेज 13 पर

## वनांचलों में हरा सोना तेंदूपत्ते की तोड़ाई और खरीदी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्रों में हरे सोने यानी तेंदू पत्ते की तुड़ाई व खरीदी प्रारंभ हो गई है। वर्ष भर में एक बार आने वाले सीजन का ग्रामीणों को बेसब्री से इंतज़ार रहता है।

क्योंकि यह ग्रामीणों के लिए शुद्ध आय का साधन है जिसे उत्साह पूर्वक घर के सभी सदस्यों के द्वारा जंगल व बंजर जमीन में उगे तेंदू पत्ते के बूटे से ठीक-ठाक पत्ते की तुड़ाई की जाती है,व 50 पत्ते की एक गड्डी बनाकर पलाश पेड़ के जड़ से बनी रस्सी जिसे बांख कहा जाता है, उसी से बांधकर गड्डी बनाया जाता है।समीप के ग्राम सिरपुर के फड़ मुंशी संघ के अध्यक्ष व फड़ मुंशी सुलेमान खान ने बताया कि मौसम के खराब होने के कारण तेंदूपत्ता तुड़ाई व खरीदी का कार्य तीन-चार दिन लेट प्रारंभ हुआ है। वर्तमान में भाजपा सरकार के घोषणा पत्र के अनुरूप 2 वर्षो से 550 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा है। बुधवार को 24000 गड्डी की खरीदी की गई है, तथा सिरपुर फड़ से कुल 120000 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, फड़ अभि रक्षक बिशंभर देशमुख व चेकर संत कुमार यादव के देखरेख में खरीदी किया जा रहा है।

## गौरैया शक्तिपीठ की बावली में डूबने से युवक की हुई मौत



बालोद/सिकोसा। गौरैया शक्तिपीठ मंदिर के पीछे बावली में एक युवक का शव मिला है। जिला के गुण्डरदेही के ग्राम सांकरी के खिलेश्वर मडांवी 35 वर्ष 6 अप्रैल को पैरी शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे थे, जहां हल्दी रस्म कार्यक्रम पश्चात 11 लोग स्नान करने गौरैया शक्तिपीठ मंदिर के पीछे बावली में स्नान करने के लिए गए थे, जहां सभी 10 लोग वापस स्नान करते निकल गए लेकिन खिलेश्वर मंडावी स्नान करने के बाद बांवली से नही निकले तब अन्य लोगो ने उनका कपड़ा और मोबाइल वही रखे देख शंका हुई तो उसकी तलाश की गई। जहां वहां मौजूद लोगो ने कुछ देर इंतजार के बाद अर्जुंदा थाना में सूचना दी, सूचना मिलते ही गुण्डरदेही एसडीओपी घटनास्थल पर अर्जुंदा थाना के टीआई लक्ष्मी जयसवाल, स्थानी मछुआरा एवं बालोद से पहुंचे, जहां गोताखोर के द्वारा शाम 7 बजे तक जाल कांटा डालकर खोजने का प्रयास किया फिर शाम ▶▶| शेष पेज 13 पर

## आचार्य विजय योगतिलकजी के शिष्य शोभन तिलक ने अपने प्रवचन में कहा

# इच्छाओं का जन्म ही दु:ख व तनाव का प्रमुख कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



इच्छाओं का जन्म ही दुःखों का कारण बनता है। इच्छायें अनंत होती है, इनका पूर्ण होना हमारे हाथ मे नही होता, इच्छायें जब पूर्ण नही होती तो दुख और तनाव होता है। इच्छाएं वैकल्पिक होना चाहिए जिससे पूरी न होने पर भी दुख न हो।

उक्ताशय के विचार आचार्य विजय योगतिलकजी मसा के शिष्य शोभन तिलक विजयजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा। उन्होंने कहा कि हम भौतिक चीजों में सुख खोजते है। उसी के पीछे हम अपनी ऊर्जा लगा देते है फिर भी सुख को प्राप्त नही कर पाते। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिये हम राग द्वेष, क्रोध, मोह, लोभ आदि कषायों से भर जाते है यही दुख का कारण बनता है।परमात्मा कहते है कि विनम्रता, क्षमा भाव, संतोष का भाव, इच्छाओं की सीमितता आदि मानवीय गुणों को धारण करने से मन के कषाय दूर होते है तथा शांति आती है। जो है, जितना है उसका आंनद प्राप्त करो जो नही है उसका दुख मत मनाओ। परमात्मा ने सुख के लिए मोक्ष का मार्ग बताया है। हम शरीर के सुख की चिंता तो करते है लेकिन आत्मा की चिंता नही करते।जो हम लेकर नही आए है और जो लेकर नही जायेंगे उसके लिए हम जीवन भर परेशान होते रहते है और साथ जाने वाली अजर अमर आत्मा के लिए हमारा कोई चिंतन नही होता।

संसार के राग से नही वैराग्य से ही सदगति प्राप्त हो सकती है। जैन दर्शन अनुकूल ओर प्रतिकूल दोनो ही स्थितियों में समभाव, क्षमा और दया के भाव रखने की बात कहता है।जीवन ऐसा जियें की अंत समय मे भी मन मे प्रशन्नता रहे। मन मे संतोष हो तभी समाधि को प्राप्त किया जा सकता है।




## खबर संक्षेप



### विधायक-महापौर से की सामाजिक भवन की मांग

**दुर्ग।** विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार के समक्ष देवांगन समुदाय द्वारा सामाजिक भवन की आवश्यकता को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उपस्थित समाज के प्रदेश कार्यकारिणी, जिला के कार्यकारिणी दुर्ग शहर के अध्यक्ष एवं सभी इकाई मंडल देवांगन समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में देवांगन समुदाय के लोग शामिल रहे। मांग में बताया गया है कि शंकर नगर दुर्ग में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13 एवं 14 में 400 से 450 घरों का देवांगन परिवार निवासरत है। सामाजिक भवन नहीं होने की वजह से देवांगन समुदाय को सामूहिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित करने में कठिनाइयां आ रही है। इस परेशानी से विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार अवगत है। ज्ञात हुआ कि वार्ड 11 के समीप स्थित पानी टंकी को हटाकर अन्यत्र स्थान पर बना दिया गया है। जिससे वह स्थान रिक्त है इस रिक्त जमीन से समुदाय के लोगों को एक साझा स्थान मिलेगा, जहां हम अपने विचारों को साझा कर सकेंगे और सामूहिक रूप से काम कर सकेंगे। जिसमें विधायक एवं महापौर ने आश्वासन दिया है।

### निगम ने हटाए दुकानों के सामने लगे टीन शेड

**दुर्ग।** निगम का अमला बुलडोजर लेकर पटवा हटरी बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पहुंचा। यहां दुकानों के सामने लगे टीन शेड,नाली के ऊपर चबूतरा, गांधी चौक राम मंदिर के पास से सब्जी दुकान को हटवाया गया। अन्य माध्यमों से किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान पहले दुकानदारों को लाउड स्पीकर के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी गई। इसके बाद दुकानदारों को समय दिया गया। पश्चात अतिक्रमण नहीं हटाने वालों की सामानों की जब्ती और टीन शेड बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि समूचे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने की रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाएगी। दोबारा अतिक्रमण नहीं हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

### 12 से संस्कारों की पाठशाला का आयोजन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 12 से 16 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए समर कैंप संस्कारों की पाठशाला का आयोजन लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र वरदान भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। इस समर कैंप का शुभारंभ 12 मई को सुबह 9 बजे होगा। यह शिविर 16 मई तक चलेगा। जिसका समय प्रतिदिन 9 से 10.30 बजे तक रहेगा।

# विधिक शिविर में घरेलू हिंसा और गुड टच व बैड टच पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में महिलाओं घरेलू हिंसा और नाबालिको को गुड टच व बैड टच सहित जागरूक करने अन्य जानकारियां विस्तार से दी गई। वही लोक अदालत सहित विभिन्न गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं और नाबालिक उपस्थित रही।

दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी के कुशल मार्गदर्शन में विगत 1 मई 2025 को मनाए गए विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में पुलगांव चौक के समीप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

उक्त विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव तथा जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के कुल 09 न्यायाधीशगण ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस शिविर में नागरिकों को नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 जैसे विभिन्न विधिक योजनाओं तथा श्रमिक विधियों, न्यूनतम मजदूरी सुरक्षित कार्यस्थल, श्रमिक कल्याण योजना, सामाजिक सुरक्षा की जानकारी दी गई।

## विधिक विषयों के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी, नेशनल लोक अदालत की तैयारी

### पाम्पलेट के जरिए दी जानकारी

इसके अतिरिक्त उपस्थित गणमान्य नागरिकों को अन्य विधिक विषयों पर पॉम्पलेट का वितरण कर आवश्यक जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का संतोषप्रद उत्तर देकर समाधान किया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर हिमान्शु शर्मा, थाना पुलगांव के पुलिस अधिकारी एवं अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### 10 को होंगे नेशनल लोक अदालत

इसके अतिरिक्त उपस्थित नागरिकों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच-बैड टच, छ.ग.भू.रा. संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, परक्राम्य लिखत अधिनियम जैसे विधिक विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही उपस्थित गणमान्य नागरिकों को 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किये जाने की महत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## अव्यवस्था : स्टैंड पर बस आते ही दौड़ पड़ते हैं यात्री, ट्रेनों में भी नो रुम की स्थिति

# छुट्टियां व शादी के चलते लोकल रुट की बसों में भीड़, ठूंसे जा रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अप्रैल माह से शुरू हुए वैवाहिक आयोजन और ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते इन दिनों बसो में पैर रखने की जगह नही है। कई बसे जहां शादियों में बुकिंग के चलते सडको से गायब है, वही जो गिनती की बसे दौड रही है वहां यात्रियों के पैर रखने तक की जगह नही है। ऐसे में यात्रियों को संचालक बसों में ठूंस रहे है। जिसके चलते यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

बस के आलावा इधर ट्रेनो में भी नो रूम की स्थिति बनी हुई है। रेल्वे के बाद बसों में भी इस तरह के हालात निर्मित होने से यात्रियों के पास सफर करने दूसरा विकल्प भी नही है। शादियों और गर्मी की छुट्टी के चलते बसों के साथ ही अन्य यात्री वाहन ठसाठस चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में बसों में सफर करना लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। यह स्थिति जून तक रहने की संभावना जताई जा रही है। इन दो माह में सबसे ज्यादा शादियों के मुहूर्त हैं। जून में स्कूल फिर खुल जाएंगे, जिससे जो बच्चे व उनके परिजन जो बाहर गए हैं, उनकी वापसी शुरू हो जाएगी। शादियों और गर्मी की छुट्टी का फायदा उठाकर चालक-परिचालक भी वाहनों को ओवरलोड चलाकर चांदी काट रहे हैं।

## कुछ ही देर में फुल हो जाती है बस, इस माह राहत नहीं



### बनी रहेगी भीड़, सभी रूट की बसें खचाखच

शादियों का सीजन इस पूरे माह चालू रहेगा। ऐसे में कुछ तिथि ऐसी है, जिसमें एक दिन में कई शादियों के मुहूर्त हैं। वहीं गर्मी की छुट्टियों के कारण भी यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। बसों और टैक्सियों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है। दुर्ग से रायपुर, बालोद और बेमेतरा की ओर चलने वाली बसों व टैक्सियों में तो लोग जान जोखिम में डालकर गेट पर खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं। यह सब जानने के बाद भी यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### दौड़ रहे हैं अनफिट वाहन

जिले में खटारा बसें और टैक्सियां ही यात्रियों को लाने-ले जाने का काम कर रही हैं। इन बसों और टैक्सियों की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि, सीटें टूट-फूट गई हैं। कांच भी नहीं है। बावजूद इसके वे बेरोकटोक दौड़ रही हैं। यात्री अगर कुछ बोलते हैं तो बस चालक उन्हें वाहन से उतार देने की बात कहते हैं। मजबूरी में लोगों को खटारा बसों और टैक्सियों में सफर करना पड़ रहा है। देखा जा रहा है कि, पिकअप वाहनों में भी लोग सफर कर रहे है। जिस पर पुलिस की नजर नही हैं।

**अभियान चल रहा**

"इस तरह के वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान चल रहा है। हाल ही में इस तरह के कई मामले में कार्यवाही की गई हैं। सवारी वाहनों के आलावा पिकअप वाहन में वालो पर भी कार्यवाही की जाएगी। **-ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

### ओवरलोड चल रही बसें यात्री भी बेबस

इन दिनों लोगों को बस में सफर करना टेड़ी खीर साबित हो रहा है। बस स्टैंड पर बसें ठसाठस भरी हुई आ रही हैं। इस कारण यात्रियों को बस में पैर रखने की जगह भी नहीं मिल पा रही है। स्कूलों में छुट्टी होने के कारण हालत ज्यादा बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि, बस स्टैंड पर बस आते ही लोग उसकी ओर दौड़ पड़ते हैं और कुछ ही देर में बस फुल हो जाती है। इससे लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। बसों में जगह नहीं होने के बावजूद लोग खड़े-खड़े सफर कर रहे हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति भी पैदा हो जाती है। बावजूद इसके मजबूरी में लोग सफर कर रहे हैं। बसें भी ओवरलोड चलती हैं।

### ओवरलोडिंग से भी परहेज नहीं

जिले में प्रतिदिन 100 से अधिक बसें चलती हैं, जिनमें करीब 10 हजार लोग विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करते हैं, लेकिन स्कूलों की छुट्टियां और शादियों का सीजन शुरू होने से यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। एक बस में अधिकतम 52 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है, लेकिन अधिक मुनाफे के चक्कर में चालक-परिचालक क्षमता से सवारी भर लेते हैं। इससे यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही ट्रैफिक पुलिस स्टैंड पर बस के पहुंचते ही यात्री सीट के लिए दौड़ पड़ते हैं।

# जनपद की तीन समितियों में नहीं बन पाए हैं सभापति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनपद पंचायत में स्थानीय समितियों के गठन के बाद भी तीन समितियों में सभापति का चयन महीना बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। सभापति चयन के बिना होने वाली बैठकों पर इसका असर पड़ रहा है। अब बिना सभापति के ही बैठक आयोजित होगी। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के भीतर मचे घमासान की वजह तीनों समितियों में सभापति का चयन नहीं हो पा रहा है।

■ बगैर सभापति के जनपद के योजनाओं का हो रहा संचालन

जानकारी के अनुसार दुर्ग जनपद में महिला एवं बाल विकास, कृषि तथा स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के सभापति चुनाव के लिए इनके सदस्यों की बैठक बुलाई गई इसमें पहली बैठक की भांति ही महिला एवं बाल विकास समिति में बेलायादव, कृषि समिति गोकुल वर्मा एवं स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति में प्रतिभा देवांगन को ही सभापति पद के लिए नाम प्रस्तावित किया गया इस पर पहले से सभापति नहीं बनाए जाने से नाराज चल रहे सदस्य पूर्णिमा एवं संगीता साहू ने समर्थक बनने से इंकार कर दिया संगीता का कहना है कि उन्हें कृषि या स्वस्थ्य व स्वच्छता दोनों में से कोई एक समिति का सभापति बनाया जाए। वहीं पूर्णिमा भी महिला व बाल विकास समिति सभापति पद की मांग पर अड़ी रही ।इसके लिए बात नहीं बनने पर पूर्णिमा पहले बैठक छोड़कर बाहर आ गई उनका कहना कि सक्रिय सदस्य एवं वरिष्ठता को भी नजर अंदाज किया जा रहा इसलिए उन्होंने सहमति नहीं दी वहीं संगिता के भी समर्थक बनने सहमति नहीं देने पर बैठक स्थगित कर दी गई ।

### समिति भंग करने कोई प्रावधान नहीं-सीईओ

दुर्ग जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय का कहना है कि, समितियो में सदस्य निर्वाचन के बाद इसका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन हो चुका वहीं सभापति नहीं होने से समिति भंग होगी ऐसा पंचायत राज में कोई प्रावधान नहीं है ऐसी स्थिति में समिति की बिना सभापति के ही बैठक होंगी इसमें सचिव पीठासीन अधिकारी रहेंगे ।बैठक में बहुमत के आधार पर कोई भी प्रस्ताव अनुमोदित होगा।वहीं सभी समितियों की बैठक में जनपद अध्यक्ष

### जिपं. में सामान्य प्रशासन की आज बैठक

दुर्ग जिला पंचायत में सामान्य प्रशासन समिति की 7 मई को बैठक रखी गई है। बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में कई प्रशासनिक मसलों पर चर्चा होगी।

# स्काउटिंग की हीरक जयंती पर निकली पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरुकता साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार तथा राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव व जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 1 मई 2025 को स्काउट गाइड के 75वीं वर्षगाँठ हीरक जयंती के अवसर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु जागरूकता संदेश साइकिल रैली स्काउट गाइड के विद्यार्थियों एवं जिला संघ दुर्ग के पदाधिकारियों, स्काउटर-गाइडर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम हमले में शहीद हुए देश के नागरिकों को मौन धारण कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संघ दुर्ग के अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरस्वती गिरिया एवं प्रभारी लिंक अधिकारी तनवीर अकील, दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, साइक्लिंग कोच प्रतीक मनोध्या द्वारा रैली को संबोधित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान स्काउट- गाइड, रोवर-रेंजर एवं स्काउटर- गाइडर प्रतिभागियों ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण का नारा लगा कर अपना संदेश जन जन तक पहुंचाया।

■ रैली निकालकर किया गया जागरुक



# दुकान के बाहर नाली पर स्लैब बनाने वाले दुकानदारों को दुर्ग महापौर ने दिया चौबीस घंटे का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग के 60 वाडों में 1 मई से 8 जून तक महापौर द्वारा महासफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के वार्ड 24 आमदी मंदिर सिंधी कालोनी से लेकर ग्रीन चौक व स्टेशन चौक मुख्य मार्ग तक नालियों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। विभिन्न नाला-नालियों से अतिक्रमण हटाकर बेहतर सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा की भीतर नाली की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर महापौर ने स्वास्थ्य अमले पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के मौके पर स्टेशन के सामने कुछ लोगों ने स्वयँ से शेड और अतिक्रमण हटाने लगे। महापौर ने कहा व्यवसायी दुकान के बाहर सड़कों तक टीन शेड, तिरपाल, विज्ञापन साइन बोर्ड से यातायात पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी दुकानदारों से कहा 24 घंटे का समय की नाली के ऊपर स्लैप निर्माण को स्वयं तोड़कर जाली लगवाए। नगर निगम 24 घंटे के बाद तोड़ूदस्ता अमला जेसीबी की मदद से सभी के दुकानों के बाहर नाली के स्लैप तोड़ना शुरू करेगी। इस दौरान विद्युत एवं यंत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद सुश्री पायल अनूप पाटिल, पार्षद युवराज कुंजाम, उपायुक्त व नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के अलावा अन्य मौजूद रहे।

■ आमदी मंदिर से ग्रीन चौक तक चलाया अभियान



### इन्हें मिला कब्जा हटाने के लिए नोटिस

स्टेशन रोड पर नाली के उपर सैकड़ो बल्ली, गोयल टिम्बर लकड़ी ताल को नोटिस के साथ जुर्माना, किशोर प्लाजा नाली के ऊपर स्लैप गंदगी व साइन बोर्ड, माँ उमिया स्वीट्स गंदगी, होटल ग्रीन, इंग्लिश शराब दुकान, खत्री किराना स्टोर्स, दाँतोत्री इंजीनियरिंग वर्क्स, होटल तनिष्क, होटल सागर, इंदौर सेव भंडार, सुंदरम वेज रेस्टोरेंट, होटल जायका सहित अन्य दुकान व होटलो को जुर्माना के साथ नोटिस जारी किया गया।

## कंपनी के भरोसे शिविर, अव्यवस्था से अफसर भी बने अनजान

# अंपाइंटमेंट के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने आयोजित शिविर में भारी अव्यवस्था का आलम हैं। पालिटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शोरूम में बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिसमें ऐसे लोग भी शामिल है। जिन्हें दस दिन पहले नंबर जारी होने के बाद तिथि देकर नंबर लगाने बुलाया गया था। इसके बाद वे शिविर में पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें यह कहकर वापस लौटाया जा रहा है कि, उनका नंबर नही आया है। यही नही शिविर में पेयजल और बैठने तक की व्यवस्था नही है। जिलेभर से आए लोगों को संतोषजनक जवाब भी नही दिया जा रहा हैं।

■ वाहन मालिकों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 से पहले के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के निर्देश के चलते शहर के पालीटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शो रूम में शिविर का आयोजन किया गया हैं। हरिभूमि ने पडताल की तो पता चला कि, कई वाहन चालको को विगत 24 अप्रैल का अप्वांइटमेंट दिया गया है। लेकिन उनका नंबर अब तक नही आया है। वही पांच अप्रैल को जिन्हें तिथि नंबर लगाने दी गई थी। उन्हें भी नंबर नही आने की बात कहकर वापस लौटा दिया गया। शिविर में आए मिहिर देशमुख ने बताया कि, नंबर लगाने तिथि दी गई थी। लेकिन नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही है। वहीं पाटन से आए अशोक कुमार ने बताया कि, शिविर में पूरी तरह से अव्यवस्था है। फार्म जमा करने तक के लिए लोगों को भटकना पड रहा हैं।



**पेयजल तक की शिविर में सुविधा नहीं:** बजाज शोरूम में लोगों के बैठने की सुविधा तो दूर पेयजल की भी व्यवस्था नही रखी गई है। नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही हैं। अफसर कह रहे है कि, शिविर लगाने की जिम्मेदारी कंपनी की है। हमने जगह उपलब्ध करा दी हैं। शोरूम के बाहर पार्किंग तक की सुविधा नही है।

### निर्देश दिए

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए ठेका कंपनी नियुक्त किए गए है। वाहन चालको को व्यवस्था देना उनकी जिम्मेदारी है। ऐसी बात है तो निरिक्षण कर कार्यवाही करेगें।
**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

### मैसेज पर पहुंच रहे वाहन चालक

वाहन चालक पवन देवांगन ने बताया कि, मोबाइल पर हाई सिक्योरिटी नंबर डिलिवर होने की जानकारी मिली है। जिसके बाद लोग शोरूम पहुंच रहे है। लेकिन यहां आने के बाद नंबर नही आने की जानकारी दी जा रही हैं। शोरूम में वाहन चालक आक्रोशित तब अधिक हो रहे हैं, जब उन्हें बगैर नंबर प्लेट दिए खाली हाथ लौटा दिया गया। जब नाराज लोगों ने इसकी शिकायत की तो कर्मचारियों का कहना था कि, नंबर प्लेट ही नही आया है। बहरहाल 7 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी।

# कलेक्टोरेट की लिफ्ट खराब दूसरे माले में लग रहा कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





जिला कार्यालय में लगा लिफ्ट इन दिनों बंद होने के कारण विकलांग वर्गो को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पता चला हैं कि, लिफ्ट पिछले सप्ताहभर से बंद है। इसके बाद भी सुधार की दिशा में अफसरों ने कोई कार्यवाही नही की है। मंगलवार को एक विकलांग बुजूर्ग को दूसरे माले तक जाना था। लेकिन लिफ्ट खराब होने से वे कोर्ट तक नही पहुंची। ऐसी स्थिति में कार्यालय के नीचे ही बुजूर्ग का बयान लिया गया। दीपक नगर से आई इंदुबाई धनवारे ने बताया कि, उनकी पेशी डिप्टी कलेक्टर लता उर्वशा के कोर्ट में है। वे जिला कार्यालय के दूसरे माले में उनका कार्यालय है। वे लिफ्ट खराब होने के कारण वहां तक नही पहुंच पाई। ऐसे में उनके वकील ने महिला से मौके पर ही दस्तखत कराया। जिला कार्यालय का लिफ्ट खराब होने से वहां आए लोगों में नाराजगी दिख रही है।

**खबर संक्षेप**



## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मेन रोड हरदी मोड़ ग्राम नंदिनी खुंदनी में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर सुभाष नगर कैम्प 1 छावनी निवासी कृष्णा ठाकुर होना स्वीकार किया। आरोपी के पास से बैगके थैले में 4.284 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई नंदिनी प्रभारी मनीष शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट की

**भिलाई।** राहगीरों के साथ लूटकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 4 मई की रात अमित सिंह नामक युवक स्कूटी जा जा रहा था। इस दौरान लूट गैंग के युवकों ने उसे रोक कर जमकर पिटाई कर दी। युवक को घायल करने के बाद स्कूटी की चाबी निकाल ली और मोबाइल, पैसा लूटकर फरार हो गए। अमित के मुताबिक जिस मोबाइल को आरोपी लूट कर लेकर गए। जीमेल उनकी मां के मोबाइल में लॉगिन था। अमित ने जैसे ही मेल लॉगिन किया उसकी मां के मोबाइल में अज्ञात शख्स को पीटने का वीडियो बैकअप के रूप में अपलोड हुआ। वीडियो उसके साथ हुई लूट की वारदात के एक दिन बाद का है। मोबाइल से ही वीडियो आरोपियों ने बनाया। इसलिए जैसे ही उसने अपना जीमेल दूसरे फोन में लॉग इन किया वो वीडियो उसमें आ गया। घायल युवक टेंट हाउस में काम करता है। अमित 4 मई को वो टेंट का काम से कुम्हारी गया था और रात 10 बजे वहां से अपनी स्कूटी लेकर नंदिनी रोड लौट रहा था। जैसे ही खुर्सीपार थाने के सामने अपनी साइड में पहुंचा तीन चार युवक नीले रंग की स्कूटी से आए और उसकी स्कूटी के आगे अपनी स्कूटी लगाकर उसे रुकवा लिया। स्कूटी रोकते ही युवकों ने अमित को बुरी तरह मारा। आरोपी के खिलाफ 126(1) 304(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरापी को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नही कर पाई है।

## सेक्टर नौ हास्पिटल आईसीयू वेटिंग हाल में लगा कूलर

**भिलाई।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल के आईसीयू वेटिंग हॉल में अब मरीजों के परिजनों को गर्मी से परेशान नहीं होना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यूनियन की मांग पर वेटिंग हाल में कूलर की व्यवस्था कर दी गई है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने जेएलएन हास्पिटल सेक्टर नौ के जीएम शाहिद अहमद से मिलकर अस्पताल के आईसीयू के वेटिंग हाल में कूलर नहीं होने से मरीजों के परिजनों को हो रही परेशानी संबंधी शिकायत से अवगत कराया था। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने बताया कि जीएम ने शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए वहां कूलर की व्यवस्था करवा दी है।

## बैठक : छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में अनेक विषयों पर विचार हुआ विचार-विमर्श

# एक देश एक चुनाव प्रधानमंत्री की सोच राष्ट्रहित का पैगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डीआर वैद्य थे। विशेष अतिथि सोमन लाल साहू, मदनलाल रामटेक एवं नए सदस्य निरुपमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

महामंत्री बीआर बेलसर द्वारा रामचरितमानस की प्रसंग विश्वामित्र द्वारा दशरथ जी से राम लक्ष्मण को मांगना को गीत रूप में प्रस्तुत कर सबको आनंदित किया। बैठक में एक देश एक चुनाव देश का संकल्प, पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु हमारी सहभागिता तथा सभी पेंशनर्स साथियों को इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना, पेंशनर साथियों के समस्याओं से अवगत होना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रोफेसर डीआर वैद्य ने देश के प्रधानमंत्री के सकारात्मक सोच एक देश एक चुनाव के संकल्प के बारे में बताया कि आजादी के बाद 1952 से 1967 तक सभी चुनाव एक साथ हुए लेकिन आज परिस्थितियों भिन्न है जिसमें सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रभावित होते हैं विशेष कर शिक्षा विभाग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है और इसका प्रभाव हमें 15 वर्षों के पश्चात पता चलता है, देश के विकास में शिक्षा की बहुत बड़ी भूमिका होती है, इस पर हमें गहराई से चिंतन करना होगा। एक देश एक चुनाव होने पर आर्थिक रूप से हम सक्षम होंगे विकास कार्य में गति आवेगी। अतः हम सभी इस संकल्प का समर्थन करते हैं। सीएस साहू ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु हमारे सहभागिता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान चला कर किसानों को फसल परिवर्तन करने, विचारों में बदलाव लाने प्रेरित किया जा रहा है हम सब भी उसमें अपनी सहभागिता प्रदान करें सभी पेंशनर साथी से आह्वान किया वे अपने माता–पिता, दादा दादी के नाम से एक पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान कर सकते हैं आज गांव में भी पानी का दुरुपयोग अत्यधिक हो रहा है इस पर कार्य करना होगा। सोमन साहू ने कहा कि हम संघ से जुड़कर उनके क्रियाकलाप तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से अवगत होते हैं। अतः हम सबको आस पास के सेवानिवृत सदस्यों को संगठन से जोड़ना होगा। निरुपमा श्रीवास्तव, मंहगू राम साहू और मदनलाल रामटेके ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। पीएल देशमुख ने सभी पेंशनर्स साथियों को मई अथवा जून माह के अंत तक इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अपील की। जिससे उनके टीडीएस कटौती की रिकवरी हो सकेगी। अध्यक्ष चावड़ा ने आशा व्यक्त की मध्य प्रदेश सरकार की तरह छत्तीसगढ़ सरकार भी पेंशनरों के लिए रुके हुए डीआर की घोषणा जल्द से जल्द करेगी। बैठक में पुरुषोत्तम देशमुख, बीआर बेलसर, आईएम योगी, जितेंद्र आर्य, आरके साहू, सुरेंद्र कुमार ताम्रकार, ठाकुर राम साहू, मोहनलाल साहू, रामेश्वर लाल यादव, जगदीश प्रसाद सोमेश्वर, डीपी देवांगन, मोहनलाल धुर्वे, आरके वर्मा, आरके साहू, विसंबर नाथ चतुर्वेदी, नारायण सिंह ठाकुर, विष्णु प्रसाद नेताम, दीनदयाल पटेल, गंगाबाई, तुलसी बाई, शैल बाई, गीता हिरवानी, पुष्पा साहू, सावित्री साहू, रंभा मांडवी व पेंशनर उपस्थित थे।





## सनौद समाधान शिविर में लापरवाही का जिप सभापति ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





समाधान शिविर कुछ विभागो को जनप्रतिनिधियो के नाराजगी का सामना करना पड़ा। जनप्रतिनिधि विभागो द्वारा आवेदन के निराकरण की प्रक्रिया से नाराज दिखे। खाद्य विभाग पर तो सीधा प्रहार किया गया एवं भ्रष्टाचार मे संलिप्तता का आरोप भी सहना पड़ा।

ग्राम सनौद मे सनौद कलस्टर के 14 पंचायतो का समाधार शिविर लगा था, शिविर मे क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। जनप्रतिनिधियो के संबोधन के क्रम मे जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने खाद्य विभाग पर संगीन आरोप लगाया कि खाद्य विभाग को प्राप्त आवेदनो मे सही निराकरण नही किया गया। खाद्य विभाग की लापरवाही से जनता को शासन की योजना का लाभ नही मिल पा रहा है, तेजराम ने इसे अनियमित्ता का मामला बताते हुए कहा आवेदनो के निराकरण की शैली से लगता है कि विभाग मे भ्रष्टाचार गहरे तक समाई हुई है।

शिविर मे जनपद पंचायत गुरूर की उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने भी राजस्व विभाग पर अतिक्रमणकारियो पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा पंचायते अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करती है लेकिन प्रशासन गंभीरता से उस पर अमल नही करता एवं पंचायतो को अपेक्षित सहयोग नही मिलता। दुर्गानंद ने कार्यक्रम के बाद प्रेस से चर्चा करते हुए कहा यदि प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही नही की तो मै प्रशासन के खिलाफ अनशन करूगा।


## घर में घुसकर किया मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने वाले युवको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मैं क्वार्टर 1/बी सडक नंबर 27 सेक्टर 9 निवासी ललिता बाघ के यहां 5 मई को बेटा प्रांशु बाघ घर पर सोया हुआ था। इस दौरान रात 10.30 बजे खटखटाने पर दरवाजा खोलने पर जस्सु को पकडकर मारपीट क लिंगराज अपने चार पांच युवकों से साथ आया था।

**प्राप्त 6115 में से 6114 आवेदनों का विभागवार किया गया निराकरण**

# सनौद के समाधान शिविर में शतप्रतिशत आवेदनों के निराकरण से खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले विकासखण्ड के ग्राम सनौद में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सभापति नरेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोशण साहू, जनपद सदस्य गुलाब सिन्हा, आशीश साहू, अजेन्द्र साहू, लीलाराम साहू, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, गुरूर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, अजेन्द्र साहू, अशोक साहू, यामेन्द्र साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

पहले चरण के अंतर्गत ग्राम पंचायत सनौद सहित ग्राम पिकरीपार, अरमरीकला, अरकार, हसदा, डोटोपार, भिरई, बोहारा, सांगली, ओझागहन, मोहारा, कोसागोंदी, जेवतरतला, डांडेसरा के ग्रामीणों से प्राप्त 6115 आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा परीक्षण के उपरांत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 6114 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इसके अंतर्गत 16 हितग्राहियों को मनरेगा जाब कार्ड, 07 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 04 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 02 हितग्राहियों को उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण, 02 हितग्राहियों को मछली जाल वितरण, 02 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका वितरण करने के अलावा 05–05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण का पूर्णता प्रमाण पत्र एवं नवीन आवास स्वीकृति पत्र प्रदान करने के अलावा शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया।

इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारा निवासी श्री टीकेश्वर साहू को 40 हजार रूपये एवं श्री नोमेश कुमार को 10 हजार रूपये का शैक्षणिक कार्यों के लिए शासन से स्वीकृत स्वेच्छा अनुदान का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन कराने के साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया।

चेमन देशमुख ने कहा कि सुशासन तिहार सही मायने में सुशासन की परिकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान करने का एक अभिनव एवं कारगर प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए तसंकल्पित है। इसके लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर उनका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा परीक्षण कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया गया है। साहू ने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल से ग्रामीणों को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिली है। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कि सुशासन तिहार आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने का बहुत ही कारगर एवं सराहनीय प्रयास है।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत सनौद कलस्टर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 4108, खाद्य विभाग 321, शिक्षा से 64, महिला एवं बाल विकास विभाग 172, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 70, स्वास्थ्य से 26, कृषि विभाग 53, उद्यानिकी 04, पशुधन विभाग 18, जल संसाधन 03, वन विभाग 04, श्रम विभाग 165, तहसील कार्यालय 334, लोक निर्माण विभाग 21, विद्युत विभाग 128, मछली पालन विभाग को प्राप्त 118 आवेदन सहित कुल 6114 आवेदनों का निराकरण किया गया।

## राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 16 पदक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एथलीटों ने कर्नाटक के मैसूर स्थित चामुंडी विहार स्टेडियम में 44वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन वेटरन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। इंजीनियरिंग एसोसिएट भगवत राम नेताम, जो मैराथन धावक भी हैं, ने 50 प्लस आयु वर्ग में भाग लेते हुए 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 1500 मीटर की दौड़ों में रजत पदक तथा 800 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता। उन्होंने पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

वहीं इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रवीण कुमार चाफले ने 50+ आयु वर्ग में प्रदर्शन किया व चार पदक अर्जित किए। इनमें 100 मीटर हर्डल दौड़ में रजत, 200 मीटर हर्डल दौड़ में कांस्य, 4x100 मीटर रिले में रजत, तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अर्जित किया। श्री चाफले पूर्व में भी पांच राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुरेश कुमार ने 45 प्लस आयु वर्ग में 500 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतकर संयंत्र की उपलब्धियों में और वृद्धि की।

## भारतीय सेना की सावधानी आपरेशन का किया स्वागत ...



**गुरूर।** भाजपा मंडल गुरुर में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किये गए स्ट्राइक के खुशी में झंडा लेकर आतिशबाजी की गई, जयकारों और रैली के साथ खुशी मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, भाजपा मंडल गुरुर अध्यक्ष आनंद शर्मा प्रेम साय कलिहारी, ललिता साहू, लेखक चतुर्वेदी, पिमन साहू, गिरधर ठाकुर, ताम्रध्वज सिन्हा, राकेश दीवान, लीखेश्वर साहू, हरिओम श्याम, यादराम साहू, चंद्रप्रकाश गांधी, नारायण टेके, अनमोल बग्गा, आकाश साहू, घनश्याम सिन्हा, टक्कू लोहले एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परिजनों के साथ जबरन मारपीट कर अपहरण करने वाले गिरफ्तार

**कुम्हारी।** परिजनों के साथ मारपीट कर अपहरण कर ले जाने वाले 11 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 140(3),296,351(3), 115(2), 190, 191(2) बी.एन.एस. के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र कुमार शर्मी अपनी कार से रायपुर से घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम अकोला में उनकी कार मवेशी टकरा जाती है। सामने खडे बाइक सवार युवक पीड़ित के कार को रुकवाया। उसके बाद उनके साथ मारपीट कर बाइक पर अपहरण कर जबरन परिजनों को साथ लेकर गए।

## पेज 11 के शेष

### हाई एवं हायर सेकंडरी की ...

से 98 प्रतिशत के साथ 8वां स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ इंग्लिस मिडियम स्कूल अर्जुन्दा के धुरव साहू माता इंदू साहू पिता चंपा लाल साहू ने 587 अंक 97.83 प्रतिशत प्राप्त कर 9वें स्थान प्राप्त किया। प्रयास शासकीय प्रेरसिडेंटल स्कूल पिनकापार बालोद की छात्र भूमिका साहू माता गायत्री साहू पिता मनोज कुमार ने 586 अंको से 97.67 प्रतिशत के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया।

### गौरैया शक्तिपीठ की ...

अधिक होने के कारण छान बीन स्थगित किया गया, जहां दूसरे दिन पुनः सुबह 6 बजे से ही बालोद गोताखोर की टीम एवं रायपुर से आए गोताखोर की टीम खोजबीन करती रही, जहां दोपहर 3:30 बजे उन्हे सफलता मिली, जिसके बाद गोताखोर की टीम द्वारा शव को बाहर लाया गया। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को गुण्डरदेही भेजा गया। जहां परिवार का रो रो कर बुरा हाल है, उनकेएक 18 वर्ष और एक 20 वर्ष का दो पुत्र है, वे सामान्य परिवार से हैं। खिलेशवर मंडावी चार भाई मे से एक है तथा दो माह पहले पिता का पैरालेसिश से निधन हो गया है।

### मोंहदीपाट में समाधान ...

कि शिविर के सफल संचाल हेतु अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग एनके. गोस्वामी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 9406237469 है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

### दल्ली माइंस ओवर ...

दुर्ग में पंजीकृत है (एनसी नहर ठेकेदार), जबकि कार्यस्थल पर कार्य देख रहा पेटी ठेकेदार मोहन जैन स्थानीय है। हैरानी की बात यह है कि किसी भी श्रमिक का न तो बीएसपी में पंजीकरण कराया गया है, और न ही उन्हें अधिकृत गेट पास दिया गया है। दल्लीराजहरा के स्थानीय मजदूरों का आरोप है कि ठेका प्रथा के नाम पर खुलेआम शोषण हो रहा है, और बीएसपी प्रबंधन आँखें मूँदे बैठा है। दल्ली माइंस के मैनेजर पंकज पर भी गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने घूसखोरी और लापरवाही के चलते सुरक्षा मानकों को ताक पर रखा, जिससे यह हादसा हुआ।

# सुशासन तिहार में दिव्यांग को मिली बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई निगम में कांट्रेक्टर कॉलोनी में आयोजित किया शिविर

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 18 कांट्रेक्टर कालोनी मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार 2025 में नागरिकों द्वारा पूर्व से आवेदन में मांग एवं शिकायत किया गया था। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कर आज शिविर में संबंधित आवेदकों को जानकारी दी गई। उनसे पूछा गया कि जो भी आपके द्वारा आवेदन किया गया था, उसका निराकरण कर दिया गया है, जिससे वह संतुष्ट है कि नहीं। साथ ही नागरिक का किसी प्रकार की मांग एवं शिकायत है, उसका आवेदन भी जमा किया जा रहा है। सुशासन तिहार में संबंधित वार्डों के कुल मांग के 220 एवं शिकायत के 72 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 218 एवं शिकायत के 68 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 6 आवेदन और बाद में 15 आवेदन प्राप्त हुए है, उसका निराकरण कर आवेदक को सूचित कर दिया जायेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। शिविर में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिव्यांग देवराज द्वारा सुशासन तिहार में बैशाखी के लिए आवेदन किया गया । जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग के तरफ से समाधान शिविर में तत्काल बैशाखी प्रदान किया गया।




इसी प्रकार जिन नागरिको का मांग एवं शिकायत था, उसे मौके पर निरीक्षण करके आवश्यकता अनुसार तत्काल पूरा किया जा रहा था। पुनः आवेदन हेतु शिकायत एवं मांग पेटी रखा गया था, जिसमें नागरिक अपने समस्या अनुसार आवेदन डाल रहे थे । वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर अपने आधार को अपडेट करवाएं । सभी काउंटर पर पहुंच करके जानकारी प्राप्त किये किस प्रकार के आवेदन आए हैं। उसका निराकरण क्या-क्या हुआ है। समाधान शिविर में उपस्थित कमलाबाई साहू से पूछे अम्मा आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं वह बोली महतारी वंदन का 1000 रुपए आ रहा है।



## खबर संक्षेप



### बोरई शिविर में किया ग्रामीणों ने रक्तदान

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम बोरई में सरपंच ओमेश्वर यादव के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के ग्रामीणों द्वारा रक्तदान शिवर में भाग लिया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत सिन्हा पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू ,स्वास्थ्य विभाग से मितानिन , स्वास्थ्य कार्यकर्ता ,ग्रामीणों में पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती भाना बाई ठाकुर ,श्रीमती शिवकुमारी वैष्णव , ग्रामीण कैलाश सिन्हा संतोष साहू साहू समाज अध्यक्ष श्री भानु साहू प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री जितेंद्र गुप्ता , श्री तुषार साहू पंच रवि साहू, जयंत्रि साहू ,ग्रामीण कांतिलाल देशमुख एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जान हैनरी की जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**बालोद।** रेड क्रास सोसायटी के संस्थापक जॉन हैनरी ड्यूनॉट के जन्मतिथि 8 मई के उपलक्ष्य में रेडक्रास दिवस पूरे विश्व में रेडक्रास द्वारा उपलब्ध थीम मानवता के पक्ष में के अनुसार आयोजन के क्रम मे रक्तदान व रक्तवीर समूह का सम्मान समारोह किया जाएगा। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय के पुराना कलेक्ट्रेट नगर पालिका परिषद बालोद ऑडिटोरियम में विभिन्न आयोजन महाविद्यालयीन व स्कूली विद्यार्थियों के लिये रक्तदान शिविर, रेडक्रास उद्देश्य के तहत रंगोली चित्रकला ग्रीटिंग बनाना व प्राथमिक सहायता संबंधित नाटक व सांस्—तिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भावना फाउंडेशन डौंडी लोहारा, डीबी ग्रुप दल्ली राजहरा, भगत सिंह रक्तदान समूह बालोद, भामाशाह ब्लड डोनेशन समूह डौंडी लोहारा, रक्त वीर ग्रुप लिमोरा, संत निरंकारी चौरिटेबल बालोद, महेश्वरी पंचायत रक्त समूह बालोद, जैन युवा शक्ति बालोद समता युवा मंच बालोद, रक्तदान ग्रुप गुरुर, चन्द्रशेखर आजाद रक्तवीर समुह बालोद की सहभागिता रहेगी। जिसमें जिला प्रशासन, नागरिक सहित स्कूल कॉलेज के विद्याथएँ व उनके प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहेंगे।

### शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने लगाई फांसी

**भिलाई।** प्रेमी के शादी से इंकार करने के बाद नाबालिग प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद नबालिग के परिजनों ने मंगलवार को मोहन नगर थाना पहुंचकर घेराव कर प्रेमी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रेमी और प्रेमिका दोनों नाबालिग है। 27 अप्रैल को प्रेमी-प्रेमिका को लेकर कहीं गया था। उसके बाद वो प्रमिका को रात में उसके घर छोड़ दिया। इसकी जानकारी लगने पर प्रेमिका के परिजनों ने उसे काफी डांट लगाई थी। प्रेमिका के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी एक लड़के से प्यार करती थी। दोनों की शादी के लिए लड़का ने परिजनों से बात की, लेकिन उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। इससे उनकी बेटी दुखी और गुमसुम रह रही थी।

## परीणाम

**हायर सेकंडरी 12वी की छात्रा ग्रेसी ने 95.80 प्रतिशत नंबर लेकर टाप टेन पर स्थान बनाया**

# कलेक्टर बनकर देश की सेवा करने की इच्छा है : ग्रेसी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा की 12 वीं की छात्रा कुमारी ग्रेसी साहू ने 95.80% लेकर छत्तीसगढ़ बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में टॉप 10 में अपना स्थान बनाकर माता पिता ,ग्राम ,शाला को और बालोद जिले को गौरांवित किया।

टॉप टेन में स्थान बनाने की जानकारी मिलते ही ग्रेसी साहू सहित उसके माता पिता का खुशी का ठिकाना नहीं रहा ,माता पिता ने ग्रेसी साहू का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। ग्रेसी साहू बचपन से मेघावी छात्रा रही ,2023के दसवीं बोर्ड परीक्षा में 94.83% अंक से उत्तीर्ण हुई थी ,जिसके बाद साइंस( गणित) विषय लेकर कक्षा 12 वी में अपने लक्ष्य को लेकर कड़ी मेहनत करते हुए पढ़ाई की और आज उसकी मेहनत का फल छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में व बालोद जिला में प्रथम स्थान में उत्तीर्ण होने का मिला आप तुकाराम साहू ( शिक्षकपूर्व माध्यमिक शाला खलारी) व श्रीमती यशोदा साहू (शिक्षिका, सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमकसा ) की सुपुत्री है। ग्रेसी साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व शाला के गुरुजनों को दिया।

### कड़ी मेहनती ही सफलता का राज

हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया की आगे ग्रैजूशन कर सिविल सेवा की तैयारी कर आई ए एस (कलेक्टर ) बनकर देश की सेवा करने का लक्ष्य रखने की बात



कही। 12 वी कक्षा की पढ़ाई चालू होते ही मैने अपना लक्ष्य माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वी बोर्ड की परीक्षा में छत्तीसगढ़ के टॉप टेन में जगह बनाने के लिए मेहनत चालू कर दी थी ,शाला में अध्यापन कर घर आने के एक घंटे बाद आनलाइन क्लास अटेंड करती थी। उसके बाद प्रतिदिन चार से पांच घंटे रात्रि में रिवीजन करती थी ,शाला के शिक्षको द्वारा नोट्स ,अध्यापन करने के टिप्स ,मार्गदर्शन नियमित देते थे ,माता पिता ने भी मेरे पढ़ाई को लेकर सजग रहते थे ,देर रात्रि तक पढ़ाई करने पर वे भी जागते थे , साथ ही अध्यापन के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए । ग्रेसी साहू ने कहा की अध्यापन हेतु एक लक्ष्य बनाकर मेहनत करने से निश्चय ही सफलता मिलती है , सभी छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया कि जब पढ़ाई करने के लिए बैठे तो एकाग्र होकर पढ़ाई करें और अधिक से अधिक समय अपनी पढ़ाई को दें तभी ऐसी सफलता निश्चित हो पाती हैं। बोर्ड परीक्षा प्रभारी टी एस पारकर ने बताया कि ग्रेसी साहू बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। हाई स्कूल की परीक्षा में उन्होंने 94.83% लेकर जिला में अपना विशिष्ट स्थान बनाया था किंतु मेरिट में आने से चूक गई थी जो आज जाकर पूरा हुआ।

### शुभकामनाएं दीं

इस सफलता पर डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सरपंच वेदबाई पिस्दा, नितिन जैन उपसरपंच ,अनिल सुथार पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति , संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य , मनीष जेठवानी ,योगेंद्र सिन्हा ,कन्हैया लाल भौसार्य ,राजू सिन्हा ,प्रेमचंद जैन पंवारा बाई कोठारी , डॉक्टर नसीम खान, मोतीलाल कुचेरिया, अमाय नागवंशी, तथा समस्त व्याख्यातागण श्रीमती मर्सी जॉर्ज अशोक कुमार सिंह आरके अवाड़े उमा त्रिपाठी गीता गुप्ता इंद्राणी मुखर्जी कृतिका साहू रंजन खोबरागड़े सावित्री स्वर्णकार किरण झा आशा प्रधान भारत लाल नायक कब दहाड़े ,जनक साहू चंद्रकला सक्सेना मांडवी मिश्रा दीपमाला जोशी देवोटी कोठारी शीतल नायक, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों ने ग्रेसी साहू की उज्वल भविष्य शुभकामनाऐं दी ,ग्रेसी साहू को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।

# अफसरों की मनमानी, खलारी समाधान शिविर में जानकारी नहीं देने हुई परेशानी

**कुसुमकसा।** सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आदिवासी विकासखण्ड डोंडी के ग्राम खलारी में आयोजित समाधान शिविर की जानकारी भाजपा पदाधिकारियों को नहीं देने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारी के मनमानी किए जाने की बात कही। योगेंद्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने जनपद पंचायत डोंडी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी पर उक्त शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी नहीं दिए जाने की जानकारी दी।

उक्त शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी से योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने प्रधानमंत्री नल जल योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए कहा की उक्त योजना के तहत ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण पूर्ण या अपूर्ण है ,पाइप लाइन भी बिछा दी गई ,किंतु ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है साथ ही ग्रामीण अंचलों में पाइप लाइन बिछाने के लिए सी सी रोड की खोदाई कर पाइप तो बिछा कर मिट्टी पाट दी किंतु सीमेंटीकरण नही करने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है , केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन समय पर पूरा कर ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंचाने व खोदे गए सी सी रोड को जल्द सीमेंटीकरण करने की मांग की शिविर स्थल में घोटिया से आए ग्रामीणों ने छेत्र में हो रहे अवेध शराब बिक्री से हो रही परेशानी से योगेंद्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष को अवगत कराया तो ग्रामीणों के साथ आबकारी विभाग के अधिकारी से मिलकर घोटियां सहित आसपास के ग्रामों में हो रही शराब की अवेध बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की। योगेंद्र सिन्हा ने छत्तीसगढ़ शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को इसका लाभ उठाने की अपील की जनपद पंचायत डोंडी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी से कार्यक्रमों की सूचना भाजपा पदाधिकारियों को नहीं दिए जाने के संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

# समर कैंप में कोआर्डिनेशन गेम का बच्चों ने लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसके सप्तम दिवस बीके. धनेश्वरी दीदी ने कहा कि प्रेम एक बहुत सुंदर अनुभूति है, जो इस संसार को रहने लायक बनाती है। जहां प्रेम नहीं, वहां मनुष्य तो क्या जानवर भी रहना पसंद नहीं करते। किसी सुन्दर मकान को बनाने के लिए बहुत सारे सामान की आवश्यकता पड़ती है। जैसे—ईंट, लोहा, रेत, मार्बल इत्यादि और इनको जोड़ने का कार्य करता है— सीमेंट। उसी प्रकार मानव को मानव से जोड़ने का, मानव को परिवार, समाज और राष्ट्र से जोड़ने का सीमेंट प्रेम है। उन्होंने बताया कि प्रेम किससे हो स्वयं से प्रेम, स्कूल से प्रेम, सहपाठियों, साथियों से प्रेम, परिवार से प्रेम, प्रकृति से प्रेम, देश से प्रेम, प्रभु से प्रेम इस तरह से बच्चों को कोआर्डिनेशन गेम, क्विज क्वेशन भी कराया गया।

# सशिमं डौंडीलोहारा हाई स्कूल का नतीजा 91%






**डौंडीलोहारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में दसवीं कक्षा में कुल 22 भैया बहन परीक्षा में सम्मिलित हुए । जिसमें 21 भैया बहन उत्तीर्ण हुए । मात्र एक भैया परीक्षा में उपस्थित नहीं होने के कारण अनुत्तीर्ण हुए । बहन खुशी सिन्हा पिताश्री अशोक सिन्हा आचार्य स्थानीय विद्यालय की सुपुत्री ने 85% प्राप्त कर प्रथम स्थान व बहन विद्या सिन्हा पिता लोकेश सिन्हा ने 80% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के समस्त भैया बहनों को नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ मिश्रा, व्यवस्थापक येनू कुमार दिल्लीवार, सह व्यवस्थापक महेंद्र जायसवाल,प्रधानाचार्य डोमार सिंह साहू सहित समस्त समिति सदस्यों ने भैया बहनों को बधाई संदेश दिए । शाला परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किये।

# जातिगत जनगणना के निर्णय के स्वागत में ओबीसी महासभा आभार रैली निकालेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ की वर्चुअल बैठक गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। बैठक की औपचारिक शुरुआत परिचय सत्र से जय जवान, जय किसान ,जय ओबीसी, जय संविधान,जय मंडल के नारे के साथ हुआ । बैठक का सफल संचालन प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने किया।बैठक का स्वागत भाषण प्रदेश उपाध्यक्ष परसुराम सोनी जी के द्वारा किया गया । तत्पश्चात शामिल सभी पदाधिकारियों के द्वारा सभा को संबोधित किया गया और एजेंडे पर क्रमशः चर्चा किया गया।

- प्रदेश से लेकर ग्राम एवं वार्ड इकाई तक संगठन विस्तार पर दिया गया जोर
- ओबीसी महासभा चलाया जाएगा सदस्यता अभियान




बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने 18 मई को प्रदेश स्तर पर बैठक का आयोजन बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा में किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस हेतु सरगुजा संभाग अध्यक्ष मनीष दीपक साहू 1000 का स्वेच्छा सहयोग राशि प्रदान करेंगे।संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण हेतु वृहद सदस्यता अभियान शुरू करने हेतु आम सहमति बनी।मई माह में ज्ञापन दिये जाने के स्वरूप पर चर्चा हुई,सर्व सहमति से जिला स्तर पर आभार रैली के साथ ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव रखा,जिस पर सभी स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी हेतु अनुरोध किया गया है। इस हेतु जनसंपर्क/ भ्रमण अपने क्षेत्रों में किए जाने का प्रस्ताव रखा गया तथा सभी पदाधिकारी को अपने-अपने स्तर पर तैयारी हेतु सुझाव दिया गया तथा 27% ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर लामबंद होंगे।

समुदाय में सकारात्मक वातावरण के निर्माण हेतु पदाधिकारी अपने निवास को ही कार्यालय का रूप देकर एक छोटा सा फ्लेक्स लगाए जाने का अनुरोध किया गया।यह भी विचार आया कि स्थानीय मुद्दों पर समय-समय पर अपने-अपने स्तर पर ज्ञापन सौंप कर शासन का ध्यान आकृष्ट किया जाना है। पाखंडवाद एवं अंधविश्वास को रोकने हेतु समाज के लोगों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने हेतु प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया गया।

### सक्रियता उल्लेखनी रही

मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय परसुराम सोनी एवं डाक्टर आई पी यादव,प्रदेश महासचिव जनक राम साहू , प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी,प्रदेश सचिव कृष्णा प्रजापति , प्रदेश सहसचिव हरिश्चंद्र साहू, सरगुजा संभाग अध्यक्ष मनीष दीपक साहू,संभाग अध्यक्ष रायपुर हेमंत साहू ,संभाग अध्यक्ष बस्तर दिनेश यदु,बिलासपुर संभाग अध्यक्ष हरीश साहू, बस्तर संभाग अध्यक्ष युवा मोर्चा नारायण साहू, लक्ष्य के प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् एफ आर वर्मा प्राचार्य,संभाग उपाध्यक्ष बस्तर तुलसीराम ठाकुर ,बिलासपुर संभाग उपाध्यक्ष चैतु राम साहू, बस्तर संभाग सचिव अमित साहू,सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष शनिराम साहू,जीपीएम जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष प्रहलाद साहू, कोरबा जिला अध्यक्ष नकुल राजवाड़े , मुंगेली जिला अध्यक्ष लोकेन्द्र कुमार साहू, महासमुंद जिला अध्यक्ष परसुराम नायक, बस्तर जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव,रायपुर जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी , कोरबा जिला कोषाध्यक्ष आर एन श्रीवास, कोरबा जिला महासचिव अशोक महंत, कबीरधाम जिला अध्यक्ष बालाराम साहू, गरियाबंद जिला अध्यक्ष फलेन्द्र साहू,कोरिया जिलासचिव शिवप्रसाद राजवाड़े, रायगढ़ जिला कोषाध्यक्ष श्रीमंत राव, दंतेवाड़ा जिला महासचिव पीला राम सिन्हा,कोरिया जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा रामनारायण साहू, कोरिया जिला सचिव महेश साहू , रायगढ़ जिला सचिव दीपक साहू,बालोद जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर , रायपुर जिला महासचिव महिला मोर्चा डिकेश्वरी साहू , जीपीएम जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपेंद्र यादव,बालोद ब्लॉक अध्यक्ष पवन साहू, डौंडीलोहारा ब्लॉक महासचिव मेघनाथ साहू,आरंग विधानसभा अध्यक्ष नंदकुमार साहू, चंद्रपुर विधानसभा प्रभारी इंदल श्रीवास, दुर्ग से सेवानिवृत्त व्याख्याता राकेश कुमार साहू,सरगुजा से शैलेन्द्र शर्मा,बस्तर से शिवचरण कुम्भकार,शक्ति से सरपंच किशन महंत, रामदास साहू, सनडोंगरी ग्रामीण अध्यक्ष रायपुर राहुल साहू,कोरिया से मधुसूदन साहू , पीलूराम साहू,इंजी.लाल बहादुर यादव, टेकनारायण राजवाड़े, अमित यादव,केशरलाल कश्यप, भागवत राम इंदौरिया, मरवाही से दड्डीराम कुशवाहा, गुरुर से मिथलेश गंजीर, दुर्गेश कुमार यादव, पंकज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने गरिमामय ढंग से भाग लिया।

सभी के उद्बोधन उपरांत ओपन सेशन रखा गया।अंत में प्रदेश सचिव कृष्णा प्रजापति के द्वारा आभार प्रदर्शन एवं सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन का मिला लाभ**

# साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने उल्लास कार्यक्रम की राष्ट्रीय स्तर पर दी शानदार व रोचक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित उल्लास कार्यक्रम की उपलब्धियों और नवाचारों पर आधारित एक प्रभावशाली प्रस्तुति का प्रसारण बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर एनसीईआरटी के आधिकारिक चैनल पर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री प्रशांत पांडेय ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आधे घंटे का सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया।

कार्यक्रम का संचालन एनसीईआरटी की ओर से एंकर हरप्रीत कौर ने किया। श्री पांडेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक के सतत निर्देशन व नेतृत्व में, प्रदेशभर में उल्लास कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में व्यापक जागरूकता वातावरण निर्माण हेतु उल्लास रैली, नारा लेखन, उल्लास रथ, शपथ, गीत, वीडियो, साक्षरता चौक व लाइव प्रदर्शनी जैसे अनेक नवाचार किए गए हैं। रायपुर और दुर्ग में साक्षरता चौक का निर्माण प्रमुख है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक साक्षरता की गूंज प्रारंभ हो गई है।



### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव आया है। कई पूर्व नक्सलियों ने हथियार छोड़कर कलम थामी है और शिक्षा से विकास की संकल्पना को साकार करने के लिए उल्लास केंद्रों में पंजीयन कर शिक्षार्थी बने हैं। उल्लास केंद्र अब केवल स्कूल या सामुदायिक भवनों तक सीमित नहीं रहकर लोगों के घरों, मोहल्लों, पेड़-पहाड़ और जंगलों तक पहुंच गए हैं। 'कभी भी, कहीं भी पढ़िए' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, उनकी धर्मपत्नी, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, कलेक्टरों आदि द्वारा उल्लास शपथ के जरिए लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आवश्यकता आधारित पाठ्यक्रम निर्माण हेतु राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर शिक्षार्थियों की रुचि के अनुसार QR कोड युक्त पाठ्य सामग्री तैयार की गई है। नवाचारी पद्धतियों जैसे प्रेरणा गीत, समाचार पाठन, सफल नवसाक्षरों की कहानियों आदि के माध्यम से 150 से 200 घंटे का अध्यापन किया जा रहा है।

### 4 लाख 60 हजार शिक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रारंभ उल्लास कार्यक्रम को प्रदेश में प्राथमिकता से लागू किया गया है। 23 मार्च 2025 को आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में 4 लाख 60 हजार शिक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। छत्तीसगढ़, भारत सरकार के उल्लास पोर्टल में **FLNAT** परीक्षा परिणाम 15 दिनों में अपलोड करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोस्टर, न्यूज लेटर व 16 स्थानीय बोली-भाषाओं में अनुकूलित उल्लास गीतों का उपयोग हो रहा है। राज्य, जिला, ब्लॉक, संकुल, ग्राम स्तर पर बैठकें नियमित रूप से आयोजित कर सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री व कलेक्टर स्वयं समीक्षा कर रहे हैं। प्रोत्साहन के अंतर्गत राज्य में इस बार 10वीं व 12वीं के 7128 स्वयंसेवी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक दिए जा रहे हैं।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीकर गाली गलौज कर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मोहन ताम्रकार के हत्याकांड मामले में फरार आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक के घर के पास बैठकर नशे की हालत में गाली गलौज करता था। इस लेकर मोहन ताम्रकार ने मना किया लेकिन आक्रोश में आकर आरोपी ने शराब की बोतल को पत्थर में तोड़कर वार कर मौत के घटा उतार दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**शासकीय आयोजनों के लिए तैयार की जा रही जगह**

# नदी किनारे बघमार में समतलीकरण के लिए भूमि किया गया चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर की शासकीय भूमि जो की नदी किनारे बघमरा में स्थित है, जिनका खसरा नंबर 315 एवं 344 जो कि लगभग 7 एकड़ भूमि है, उस शासकीय भूमि को पटवारी, आरआई एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नाप जोखकर व खंबा लगाकर चिन्हांकित किया गया। जिससे आने वाले समय में उस भूमि को समतलीकरण कर शासन के विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन उस स्थान पर किया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर नल जल योजना के अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी प्रस्तावित है जिसका कार्य अभी चल रहा है और सिंचाई विभाग द्वारा दो बार



पानी छोड़ा जाएगा, इसके लिए शासन द्वारा सिंचाई विभाग को राशि भी दी जाएगी चूंकि अभी नदी में गहरीकरण नहीं है जिससे पानी रुकता है, इसीलिए नगर पंचायत से प्रस्ताव पारित किया गया है कि नदी का गहरीकरण किया जाए जिससे पानी का और अधिक भंडारण किया जा सके ताकि आने वाले समय में जल संकट न हो और उससे निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को निकालकर उस शासकीय जमीन का समतलीकरण किया जाएगा और उस शासकीय जमीन को सौंदयऍकरण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर नदी में नाव चलाने की योजना भी बनाई जा रही है साथ ही सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन एवं वन विभाग लकड़ी टाल दिए जाने का प्रस्ताव नगर पंचायत द्वारा किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411